आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 18.10.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के अनुरूप तैयार किए गए विद्यांजलि 2.0 कार्यक्रम के तहत स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सभी संगठनों से इसमें योगदान देने को कहा गया है।
- भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वर्ष दो हजार चौबीस के लिए मीडिया पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत लिटिल अंडमान में खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कार निकोबार के पेरका गांव में कल कृषि विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने सात सितम्बर दो हजार इक्कीस को शिक्षक पर्व के उद्घाटन सम्मेलन के दौरान स्कूल स्वयंसेवक कार्यक्रम विद्यांजलि 2.0 का शुभारंभ किया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के अनुरूप तैयार किए गए विद्यांजलि 2.0 कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय और स्वयंसेवकों की भागीदारी के माध्यम से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है, जिससे उन्हें सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों से सीधे जुड़ने और अपने ज्ञान और कौशल को साझा करने का अवसर मिलता है। सेवानिवृत्त पेशेवर, शिक्षक, कलाकार, पूर्व छात्र, गैर सरकारी संगठन, कंपनियां, कॉर्पोरेट क्षेत्र और अन्य संगठन सीधे स्कूलों की जरूरतों का समर्थन करने के लिए विद्यांजलि 2.0 स्वयंसेवकों को एक मंच प्रदान करता है। स्वयंसेवक विद्यांजलि 2.0 पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी पसंद के स्कूलों में योगदान देकर कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त खेलों के लिए उपकरण प्रदान कर, शिक्षण और सीखने की सामग्री की आपूर्ति कर योगदान दिया जा सकता है। इच्छुक स्वयंसेवक, पूर्व छात्र, गैर सरकारी संगठन, कॉर्पोरेट क्षेत्र और अन्य संगठन vidyanjali.education.gov.in पर पंजीकरण करा सकते हैं और द्वीप समूह में शिक्षा के लिए एक उज्जवल भविष्य के निर्माण में इस पहल का हिस्सा बन सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वर्ष दो हजार चौबीस के दौरान मतदाता शिक्षा और जागरूकता पर सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए मीडिया पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इसके तहत चार श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिनमें प्रिंट मीडिया, टेलीविज़न, रेडियो और ऑनलाइन सोशल

